इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।
-अल्बर्ट आइंस्टीन

लखनऊ, बृहस्पतिवार, 19 फरवरी 2026

वर्ष 18 अंक 169 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12

तापमान - अधिकतम 28.9°C (+2.1) न्यूनतम 12.4°C(+1.1) सेंसेक्स 83,734.25 (+283.90) निफ्टी 25,819.35 (+093.95) सोना 1,54,350 चांदी 2,55,000 मुद्रा - डालर 90.70 दिरहम 24.69 रियाल 24.18

इनोवेशन को लेकर हुई विश्वविद्यालय संघ की स्थापना

एरा यूनिवर्सिटी भी हुई शामिल, दिल्ली एआई समिट में हुआ समझौता

लखनऊ (ब्यूरो)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत-2047 के लक्ष्य के क्रम बुधवार को दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इमपैक्ट समित में चिकित्सा शिक्षा और हेल्थ केयर के क्षेत्र में इनोवेशन के कार्य को आगे बढ़ाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया गया है। इनोवेशन के क्षेत्र में कार्य कर रहे देश के कुछ महत्वपूर्ण विश्वविद्यालयों के एक संघ की स्थापना को लेकर समझौत ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुआ है, जिसमे लखनऊ का एरा विश्वविद्यालय भी शामिल है। इसके अलावा संघ में जेएसएस विश्वविद्यालय मैसूर, बाबा फरीद विश्वविद्यालय पंजाब और हैदराबाद की एक यूनिवर्सिटी प्रमुख रूप से शामिल है। इस संस्था का नाम इनोवेशन स्वास्थ्य सेवा यूनिवर्सिटी संघ होगा।

इस मौके पर एरा के अतिरिक्त निदेशक प्रशासन जों अली खान और डीन एमेरिटस फैकल्टी ऑफ मेडिसिन डाक्टर एमएमए फरीदी मौजूद थे। डाक्टर फरीदी ने बताया कि यह संघ चिकित्सा शिक्षा और हेल्थ केयर के क्षेत्र में इनोवेशन के कार्य को आगे बढ़ाएगा। एआई आधारित तकनीक को विकसित करेगा। मेडिकल के क्षेत्र में अत्याधुनिक नवाचारों को बढ़ावा देगा। उन्होंने बताया कि यह संघ भविष्य में काफी महत्वूर्ण साबित होगा। प्रधानमंत्री के विकसित भारत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकसित यूपी के लक्ष्य को साकार करने में मददगार साबित होगा।

गौरतलब है कि दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इमपैक्ट समित-2026 का उद्घाटन 16 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। यह समिट 20 फरवरी तक चलेगा। इस समिट में समिट करीब 65 देशों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। कई देशों के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और बड़ी-बड़ी एआई कंपनियां शामिल हो रही है।